-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 04.10.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के कनवारा में दिनांक 01.10.2024 को बरामद शव की घटना का पुलिस द्वारा किया गया अनावरण। अवैध संबंधों में रास्ते से हटाने के लिए प्रेमिका ने ही अपने एक अन्य प्रेमी के साथ मिलकर की थी व्यक्ति की हत्या। पहले पिलाई शराब फिर सिर पर ईंट से वारकर कर दी हत्या। दोनों अभियुक्तों को पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न मामलों में वांछित चल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 04.10.2024 को क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजीव प्रताप सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर पुलिस के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के कनवारा में दिनांक 01.10.2024 को बरामद शव की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब हो कि दिनांक 01.10.2024 को कनवारा के पास एक शव बरामद हुआ था जिसका सिर कुचला हुआ था जिसकी पहचना अजय कुमार वर्मा नि0 अम्बेडकर नगर कस्बा व थाना बबेरु के रुप में की गई थी। इस संबंध में मृतक की पत्नी की तहरीर पर थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत किया गया था जिसकी विवेचना क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजीव प्रताप सिंह द्वारा की जा रही थी। विवेचना के क्रम में जांच व साक्ष्यों के संकलन से ज्ञात हुआ कि मृतक अजय कुमार अपनी पत्नी से अलग होकर एक अन्य महिला रेखा देवी नि0 देवीनगर कस्बा बबेरु के साथ किराए का कमरा लेकर बांदा में रहता था तथा रिक्शा चलाता था व उसकी पत्नी अपने 03 बच्चों के साथ बबेरु में ही रहती थी। रेखा देवी का एक अन्य व्यक्ति आशीष कुमार नाई नि0 कर्माडांडी थाना फतेहगंज से अवैध संबंध हो गया था। रेखा देवी व आशीष ने मिलकर अजय कुमार को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। दिनांक 30.09.2024 की रात्रि में आशीष व रेखा देवी, अजय के साथ उसके रिक्शे पर बैठकर कनवारा की ओर गये जहां उन्होने पहले अजय को शराब पिलाई फिर दोनों ने मिलकर ईंट से सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी और शव को वहीं खांई में फेंक कर चले गये। पुलिस द्वारा घटना में शामिल दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. आशीश कुमार सेन पुत्र रमेश कुमार नि0 कर्माडांडी थाना फतेहगंज जनपद बांदा
2. रेखा देवी पत्नी विनोद कुमार नि0 देवीनगर कस्बा व थाना बबेरु जनपद बांदा

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. चौकी प्रभारी विश्वविद्यालय श्री देवेन्द्र कुमार सिंह
2. हे0कां0 सत्येन्द्र कुमार
3. कां0 इन्द्रजीत सिंह
4. म0कां0 सोनम यादव